हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, सोमवार, 18 नवंबर 2024

# मेट्रो सिटी

## 'जय भीम' बोलना मेरा गौरव है

### > कांग्रेस नेता डॉ.नितिन राऊत



**नागपुर।** जब चुनाव करीब आते हैं तो विपक्ष जितना चाहे उतना पैसा देकर विरोधी के चरित्र को धूमिल करने की हिम्मत करता है, फर्जी कहानी फैलाता है। ऐसी कूटनीति की सलाह तभी दी जाती है जब कोई विकास संबंधी मुद्दे न उठाए जाएं। ऐसी लोगों को एक बात याद रखनी चाहिए। मैं डॉ.बाबासाहब आंबेडकर के आंदोलन के सच्चे अनुयायी, उन्होंने उनके विचारों को आगे बढ़ाया और उत्तरी नागपुर के लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाया। उक्त विचार उत्तर नागपुर के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ.नितिन राऊत ने व्यक्त किये।

पूर्व मंत्री और कांग्रेस के उत्तर नागपुर विधानसभा क्षेत्र के महाविकास अघाड़ी प्रत्याशी डॉ.नितिन राऊत ने वीडियो के माध्यम से कहा कि, 'जय भीम' सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि मेरे सहित लाखों अनुयायियों की सांस है। कांग्रेस पार्टी में काम करते हुए मुझे 'जयभीम' कहने से किसी ने नहीं रोका.' पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख ने भी नहीं. इसके विपरीत उन्होंने मेरे निर्वाचन क्षेत्र में एक अस्पताल और एक अनुसंधान केंद्र दिया और उन्हें डॉ.बाबासाहब आंबेडकर का नाम भी दिया गया है.

# प्रियंका गांधी ने नागपुर में किया रोड शो

**नागपुर।**



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के अंतिम दिन रविवार की पूर्व संध्या पर नागपुर में रोड शो किया। प्रियंका का रोड शो स्थानीय लोगों की भारी भीड़ के बीच नागपुर पश्चिम और नागपुर मध्य निर्वाचन क्षेत्रों से होकर गुजरा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की महासचिव बैनर से सजे एक खुले वाहन में खड़ी थीं और उनके साथ पार्टी के नेता और कार्यकर्ता थे।

पश्चिमी नागपुर से रोड शो शुरू होने के बाद प्रियंका की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां उमड़ पड़ीं। प्रियंका ने हाथ हिलाकर और मुस्कुराकर लोगों का अभिवादन किया। वहीं, वहां मौजूद लोग उनकी तस्वीरें लेने और वीडियो बनाने के लिए होड़ लगाते हुए दिखे। कई जगहों पर उन पर फूल बरसाए गए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रभुत्व वाले नागपुर सेंट्रल निर्वाचन क्षेत्र में भी उन्हें लोगों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली।

रोड शो में प्रियंका गांधी के साथ नागपुर मध्य से कांग्रेस के उम्मीदवार बंटी बाबा शेल्के मौजूद रहे। नागपुर मध्य विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस और बीजेपी के बीच मुकाबला है। यह सियासी मुकाबला कांग्रेस के बंटी शेलके और बीजेपी के प्रवीण दटके के बीच है। बाद में कांग्रेस के कैंडिडेट बंटी शेल्के ने लिखा कि देश की लोकप्रिय नेता प्रियंका गांधी ने हमारी विधानसभा मध्य नागपुर में आकर कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में एक नया जोश भर दिया है मुझे पूरा विश्वास है कि 23 तारीख को इतिहास बदलने वाला है जनता परिवर्तन के लिए अपने कदमों को आगे बढ़ा चुकी है।



## कोष्टी समाज के मेले में दटके को मिला समर्थन

नागपुर। कोष्टी समाज का मेला समाजभूषण श्री बाबूजी बांगडे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रवीण दटके ने समाज के विकास में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। भाजपा महायुती द्वारा जनसामान्य के लिए कई योजनाएं लाई गई हैं, जिनका समाज ने हमेशा समर्थन किया है। इस अवसर पर संत कबीर की प्रतिमा का पूजन और माला अर्पण करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

समाज के हर सुख-दुःख में दटके हमेशा आगे रहते हैं। समाज के युवाओं और विद्यार्थियों के कल्याण के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहते हैं। वे व्यापारियों और महिलाओं को उनके क्षेत्र में सुरक्षा और सहयोग देने के लिए भी तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारियों ने कहा कि वे विकास के लिए भाजपा महायुती को समर्थन देंगे।

कार्यक्रम की प्रस्तावना राधेश्याम निमजे ने की, जबकि प्रमुख वक्ता के रूप में दयाशंकर विद्यालंकार उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में विलास त्रिवेदी, गिरीश देशमुख, किशोर पलांदुरकर, ईश्वर सेंदरे, श्रीरंग वऱ्हाडपांडे जैसे प्रमुख अतिथि भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन गिरिधारी निमजे और रुपेश बारापात्रे ने किया। निमजे ने अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। समाज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश बांगडे, रुपेश हेडाऊ, अनिल कोल्हे, रमेश पराते, गोपाल बांगडे, संजय नंदनवार, शुभम पराते, शुभम बारापात्रे और नामदेव बांगडे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## कामठी-मौदा में बावनकुले के समर्थन में निकली बाइक रैली

**नागपुर।**

कामठी-मौदा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए श्री चंद्रशेखर बावनकुले ने लगातार रणनीतिक कार्य किए हैं। क्षेत्र की शांति, सौहार्द और विकास ही उनका मुख्य एजेंडा है। इस पर उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे इस कार्य को आगे बढ़ाते रहेंगे। यह बात भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और कामठी-मौदा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा महायुति उम्मीदवार श्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कोराडी-महादुला में आयोजित जन-आशीर्वाद यात्रा के दौरान कही।

रविवार को कोराडी-महादुला में आयोजित बाइक रैली में मतदाताओं ने एकजुट होकर श्री बावनकुले को एकमात्र विकल्प के रूप में समर्थन दिया। जन-आशीर्वाद यात्रा के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए श्री बावनकुले ने कहा कि महायुति एक बार फिर राज्य में सत्ता की ओर कदम बढ़ा रही है। आने वाले समय में कामठी-मौदा विधानसभा क्षेत्र को पहचान दिलाने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

यात्रा में महादुला नगराध्यक्ष श्री राजेश रंगारी, मनोज सावजी, नसीम शेख, प्रीतम लोहसारवा, राम तोडवाल, स्वप्नील थोटे, बंटी तातोडे, विजय जैन, पवन फकिर्डे, सोनू काळे, अंकित समरीत, पंकज ढोणे, विश्वनाथ चौहान, बापूराव सोनोने, अजय सोलंकी, अनिल बोरकर, शिवराज जनबंधू, गोपाल गोडबोले, अंकित तुरत, अभिजीत ढेंगरे, अनिल उमरे सहित भाजपा महायुति के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

महादुला के बाजार चौक से शुरू हुई जन-आशीर्वाद यात्रा में महायुति के सभी पक्षों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। बावनकुले का भव्य स्वागत करते हुए यात्रा की शुरुआत की गई। यात्रा भारत माता चौक कोराडी, कोराडी मंदिर, टी-पॉइंट कोराडी, नूर नगर, हनुमान मंदिर श्रीवास नगर, गहरी मोहल्ला, मोटघरे किराना, गोडबोले चौक, फुले नगर, इंदिरा प्रगति नगर, फुले नगर जिला परिषद स्कूल, सिद्धार्थ नगर बुद्ध विहार, जयभीम नगर, संभाजी नगर, शिवाजी नगर, जवाहर नगर, धनगौरी मंदिर महादुला होते हुए मुख्य कार्यालय पहुंची।

## पिस्टल, मैगजीन और कारतूस के साथ मिले चार अपराधी

**नागपुर।** चुनाव के चलते लगी आदर्श आचार संहिता में अवैध हथियारों का मिलना लगातार जारी है। नागपुर शहर में क्राइम ब्रांच ने अलग-अलग जगाहों पर रिवाल्वर सहित 4 आरोपीयों को 4 पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही इन मामलों में हथियार मुहिया करवाने वाले उनके ने अन्य साथियों की भी तलाश की जा रही है। पहली कार्रवाई क्राइम ब्रांच यूनिट 3 की टीम ने लकड़गंज पुलिस थाना अंतर्गत माल धक्का के ईतवारी रेलवे स्टेशन के पास अंजाम दी। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को एक युवक के हथियार के साथ घूमने की गुप्त जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस ने दुपहिया वाहन पर संदिग्ध रूप से घूमते हुए फैजान समीउल्लाह खान (28) दावलामेट्टी वाडी निवासी को गिरफ्तार किया।

## रामटेक में महायुति की सभाओं को जनता का भारी प्रतिसाद

**रामटेक/नागपुर।**



विधानसभा क्षेत्र में शिवसेना-महायुति के उम्मीदवार आशीष जयसवाल ने दहेगांव जोशी और करंभाड में भव्य जनसभाओं का आयोजन किया। इन सभाओं में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और महायुति सरकार के प्रति अपना भरोसा प्रकट किया।

जनसभाओं में जयसवाल ने रामटेक क्षेत्र में पूरी की गई और प्रस्तावित विकास परियोजनाओं की चर्चा की। उन्होंने पक्की सड़कों का निर्माण, जल संरक्षण योजनाएं, पुलों का निर्माण और किसानों के लिए 1 रुपये में फसल बीमा योजना जैसी उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। उन्होंने 'लाडकी बहन' योजना पर बात करते हुए बताया कि इस योजना का लाभ 85,000 से अधिक महिलाओं तक पहुंच चुका है। महायुति सरकार ने इस योजना की राशि 1500 रुपये से बढ़ाकर 2100 रुपये कर दी है, जिससे महिलाओं के सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है।

जयसवाल ने जनता से विपक्षी पार्टियों के झूठे वादों से सतर्क रहने और क्षेत्र के विकास के लिए महायुति को समर्थन देने की अपील की। ग्रामीणों ने उनकी बातों पर भरोसा जताते हुए महायुति सरकार की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।



## देवेंद्र फडणवीस की विशाल रैली

### > महायुति के समर्थन में की अपील

**नागपुर।** शनिवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और महायुति के दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार देवेंद्र फडणवीस ने एक विशाल रैली का आयोजन किया। इस रैली में उन्होंने जनता से सीधे संवाद करते हुए महायुति के विकास एजेंडे को साझा किया। रैली विभिन्न इलाकों से होकर गुज़री और जनसमूह ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

फडणवीस ने रैली में महाराष्ट्र के विकास, रोजगार सृजन और किसानों की भलाई के लिए राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि महायुति की सरकार राज्य में बेहतर प्रशासन और सुशासन को लेकर प्रतिबद्ध है और इसके लिए जनता का समर्थन आवश्यक है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए फडणवीस ने कहा, वह पार्टियां जिन्होंने सिर्फ वादों का राग अलापा है, अब कोई ठोस काम करने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने महायुति को मजबूत करने और राज्य के विकास को गति देने के लिए जनता से समर्थन मांगा। रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ जुटी, जिन्होंने फडणवीस के पक्ष में जोशपूर्ण नारे लगाए। यह रैली आगामी विधानसभा चुनाव में महायुति की ताकत का प्रतीक मानी जा रही है।

## कन्हान में मुलक के समर्थन में आम सभा

**कन्हान/नागपुर।** रामटेक विधानसभा क्षेत्र के अपक्ष उम्मीदवार राजेंद्र मुलक के समर्थन में शनिवार को कन्हान में एक भव्य जाहीर सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में पूर्व मंत्री सुनील केदार और सांसद बबलु बर्वे ने विशेष रूप से शिरकत की। उनकी मौजूदगी से सभा में जोश और ऊर्जा का माहौल बना।सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सुनील केदार ने राजेंद्र मुलक की निष्पक्ष छवि और उनके विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा, राजेंद्र मुलक एक सक्षम और ईमानदार नेता हैं, जिन्होंने हमेशा जनता के हितों को प्राथमिकता दी है। उनका क्षेत्र के विकास के प्रति समर्पण सराहनीय है।




सांसद बबलु बर्वे ने भी मुलक के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए जनता से अपील की कि वे क्षेत्र के विकास और बेहतरी के लिए मुलक के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने कहा, राजेंद्र मुलक इस क्षेत्र के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार हैं। उनकी नीतियां और कार्यशैली क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है।सभा में कन्हान क्षेत्र के सैकड़ों लोगों की उपस्थिति ने माहौल को गरमा दिया। स्थानीय लोगों ने मुलक के प्रति अपना समर्थन दिखाया, जिससे यह साफ हो गया कि कन्हान क्षेत्र में मुलक के लिए एक मजबूत जनाधार तैयार हो चुका है।

## महायुति उम्मीदवार कोहले की बाइक रैली

### > कंगना रनौत ने की समर्थन की अपील

**नागपुर।** पश्चिम नागपुर विधानसभा क्षेत्र में महायुति के उम्मीदवार सुधाकर कोहले ने चुनाव प्रचार के दौरान एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया। इस रैली में खास आकर्षण बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा की स्टार प्रचारक कंगना रनौत की मौजूदगी रही।

रैली में जनता का भारी उत्साह और समर्थन देखने को मिला। सुधाकर कोहले और कंगना रनौत ने मिलकर जनता से महायुति के पक्ष में मतदान करने की अपील की। रैली के दौरान सड़कों पर समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी और हर जगह जोश का माहौल बना रहा। कंगना रनौत ने अपने संबोधन में महायुति सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्षेत्र में प्रगति और सुशासन सुनिश्चित करने के लिए महायुति को समर्थन देना आवश्यक है। उन्होंने जनता को महायुति के विकास मॉडल का हिस्सा बनने की अपील की।



सुधाकर कोहले ने जनता को भरोसा दिलाया कि वे क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबंध हैं। रैली के माध्यम से महायुति ने अपने मजबूत जनाधार का प्रदर्शन किया और जनता के बीच अपनी उपस्थिति को और मजबूती से स्थापित किया।



## प्रत्येक युवा के 'हाथों में हो काम यही हमारा उद्देश्य ': मेघे

**हिंगना/नागपुर।** हिंगना तालुका एक प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है जहाँ कई औद्योगिक परियोजनाएं चल रही हैं। हम लगातार नए उद्योगों की शुरुआत करके युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, नई पीढ़ी को खुद उद्यमी बनकर दूसरों को रोजगार देने के लिए भी प्रयास करने चाहिए, यह संदेश हिंगणा में आयोजित युवा महासंमेलन में विधायक समीर मेघे ने दिया। यह महासंमेलन भाजपा युवा मोर्चा द्वारा 'मैं नवमतदाता, विकास का भागीदार' विषय पर आयोजित किया गया था।

विधायकमेघे ने कहा, वरिष्ठों के आशीर्वाद और युवाओं की ऊर्जा, नवाचार और सक्रियता के संयोजन से ही समग्र विकास संभव है। मेरे कार्यक्षेत्र में बुनियादी ढांचे का निर्माण करना मेरा कर्तव्य है, साथ ही सामाजिक प्रगति के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार सृजन पर भी मेरी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी वचन दिया कि केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी और देवेंद्र फडणवीस के साथ मिलकर बुटीबोरी फेज दो में मिहान परियोजना के तहत करीब 15,000 युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए वह प्रयास करेंगे।

समारोह में मंच पर पूर्व विधायक सागर मेघे, पूर्व विधायक आशिष ठाकूर, राघव मेघे, आशिष फुटाणे, विशाल भोसले, शिवानी दानी, वर्षा शहाकर, अंजली कानकाडे, सौरभ गुप्ता, नरेंद्र वाघ, प्रशांत पटले, पंकज गजभिये और आदर्श पटले सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कई युवाओं ने अपने विचार साझा किए और वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया।

**आज मेघे के प्रचार में शामिल होंगे मिथुन चक्रवर्ती और भाग्यश्री**

विधायक समीर मेघे के प्रचार के लिए आज सोमवार को अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, भाग्यश्री और काजल राघवानी की रैलियाँ और सभाएँ आयोजित की जाएंगी, जहां ये कलाकार जनता से संवाद करेंगे। पूर्व राज्यसभा सदस्य मिथुन चक्रवर्ती की सभा दोपहर 3 बजे वानाडोंगरी के बस स्टैंड चौक पर होगी। इससे पहले सुबह 11 बजे भाग्यश्री पटवर्धन की प्रचार रैली वडधामना से शुरू होगी दोपहर 2 बजे भाग्यश्री सातगाव, टेंभरी, और टाकळघाट में रैली में भाग लेंगी और शाम 4 बजे कान्होलीबारा में सभा को संबोधित करेंगी। भोजपुरी अभिनेत्री काजल राघवानी दोपहर 1 बजे अमरनगर, राजीवनगर, भीमनगर, इंदिरामातानगर और डिगडोह में प्रचार यात्रा में शामिल होंगी.

## सावनेर-कलमेश्वर में बनेगा इंटीग्रेटेड फर्टिलाइज़र कॉम्प्लेक्स





### > शिवराज सिंह चौहान ने डॉ.देशमुख की जनसभा में किया ऐलान

**सावनेर/नागपुर।**

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सावनेर में भाजपा और महायुति के उम्मीदवार डॉ.आशिष देशमुख के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सावनेर-कलमेश्वर क्षेत्र में इंटीग्रेटेड फर्टिलाइज़र कॉम्प्लेक्स लाने का वादा किया, जिससे किसानों को सस्ते दरों पर उर्वरक मिलेगा और हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

चौहान ने कांग्रेस और सुनील केदार पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने सावनेर का नाम खराब किया है और 155 करोड़ का घोटाला किया है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार किसानों के लिए कई योजनाएं लेकर आई है, जैसे 'लाडकी बहन योजना' जो महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण है।

इसके अलावा, शिवराज सिंह चौहान ने सोयाबीन के भाव बढ़ाने की बात करते हुए कहा कि सोयाबीन में 15 प्रतिशत नमी होने पर भी सरकार इसे खरीदेगी। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि भाजपा की सरकार शेतकरियों के कर्ज माफ करेगी और बिजली बिल माफ करने की योजना भी लागू की जाएगी। चौहान ने महायुति सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए दावा किया कि भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड मजबूत है और मोदी सरकार के नेतृत्व में किसानों और आम जनता का विकास हो रहा है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने भी जनसभा में हिस्सा लिया और दावा किया कि महायुति की सरकार आने वाली है और डॉ. देशमुख क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे 20 तारीख को डॉ. देशमुख को भारी मतों से विजयी बनाएं। बावनकुले ने कहा, प्रदेश की समस्याओं का समाधान महायुति के पास है। सावनेर-कलमेश्वर की जनता को इस बार महायुति के पक्ष में मतदान कर एक मजबूत नेतृत्व को चुनना चाहिए। उन्होंने डॉ.देशमुख को क्षेत्र के विकास के लिए उपयुक्त नेता बताया।

इस दौरान डॉ.आशिष देशमुख ने कहा कि वे किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे और क्षेत्र में रोजगार और विकास को प्राथमिकता देंगे।



## तिरंगा चौक पर एमवीए की जनसभा संपन्न

**नागपुर।**

दक्षिण नागपुर विधानसभा क्षेत्र से महाविकास आघाडी के उम्मीदवार गिरीश पांडव ने रविवार को तिरंगा चौक, सक्करदरा में एक जनसभा का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने जनता से आगामी विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से समर्थन की अपील की।

सभा में गिरीश पांडव ने अपने भाषण में कहा, सामान्य नागरिकों की आवाज को विधानसभा में पहुंचाने के लिए मुझे विजयी बनाएं। महाविकास आघाड़ी के नेतृत्व में क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने महाविकास आघाड़ी के घटक दलों-कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) के बीच एकता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह गठबंधन जनता के हितों के लिए प्रतिबद्ध है।

सभा में पांडव ने जनता के लिए महाविकास आघाड़ी की योजनाओं और राज्य में किए गए विकास कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के विकास, युवाओं को रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा और अधूरे प्रोजेक्ट्स को पूरा करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, जिससे सभा एक जन आंदोलन का रूप लेती दिखी। सभा में पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी भाषण दिया और पांडव के समर्थन में लोगों से मतदान करने की अपील की।

CMYK

# आचार संहिता का उल्लंघन करने पर होगी सख्त कार्रवाई: एसडीओ महाजन

**रामटेक.**

विधानसभा चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया को सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से एसडीओ और निर्वाचन अधिकारी प्रियेश महाजन ने सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को निर्भय और निष्पक्ष वातावरण में मतदान का अधिकार मिले, इसके लिए प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य करे। इसके साथ ही, अगर कोई आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए चुनावी माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए हाल ही में विशेष चुनाव पर्यवेक्षक राम मोहन मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्रकुमार सिंगल, जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। पार्किंग व्यवस्था से लेकर मतदान प्रक्रिया तक हर स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। विशेष चुनाव पर्यवेक्षक मिश्रा ने कहा कि निर्भय और निष्पक्ष माहौल में मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग कर सकें, इसके लिए सभी विभागों को सतर्क रहना होगा।

20 नवंबर को होने वाले मतदान के मद्देनजर प्रशासन ने सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। सुरक्षा व्यवस्था और सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित किया जाएगा।

## संवेदनशील क्षेत्रों नमें कड़ी निगरानी

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार ने बताया कि मतदान के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन के जरिए निगरानी की जाएगी, जिसमें रात में भी सतर्कता बरती जाएगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# त्रिपुरी पूर्णिमा का भव्य उत्सव

> जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठी राम नगरी

**रामटेक.**



रामटेक शहर के सिंधुरागिरी पर्वत पर स्थित श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण मंदिर में शुक्रवार (15 नवंबर) रात 12 बजे त्रिपुरी पूर्णिमा के अवसर पर हजारों राम भक्तों ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ उत्सव मनाया। इस मौके पर मुख्य पुजारी मोहन पांडे और उनके सहकारी मंगेश पांडे, धनंजय पांडे, संजय पांडे, लक्ष्मण मंदिर के पुजारी अविनाश पांडे और राम पांडे ने तुप में भिगोकर रखे गए देवताओं के पुराने कपड़ों को प्रज्वलित कर त्रिपुरासुर का वध स्मरण करते हुए त्रिपुर जला दिया। भक्तों ने गुलाल उड़ाते हुए जमकर उत्सव मनाया और वातावरण 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा। इस दौरान आतिशबाजी का भी आयोजन किया गया, जिससे पर्व का माहौल और भी भव्य हो गया।

त्रिपुरी पूर्णिमा के इस पवित्र पर्व के दौरान भक्तों ने भगवान श्रीराम और माता जानकी के दर्शन के लिए मंदिर में भीड़ जमा की। नए वस्त्र और आभूषण पहने भगवान के दर्शन के बाद भक्तों ने इस दिन को अविस्मरणीय बनाने के लिए पूजा-अर्चना की। यह पर्व शंकर द्वारा त्रिपुरासुर के वध की याद में मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन 33 करोड़ देवी-देवता स्वर्ग से पृथ्वी पर आते हैं और देवताओं की पूजा-अर्चना से जीवन में समृद्धि और सुख आता है, यही कारण है कि यह पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।

## होटल से चल रहे सट्टा अड्डे पर छापा

**नागपुर.** होटल से सट्टा पट्टी का अड्डा संचालित किया जा रहा था। अपराध शाखा के यूनिट क्र.तीन की टीम ने छापा मारा। तीन सटोरियों को खायवाली करते हुए रंगे हाथों दबोच लिया है। पांचपावली थाने में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गरफ्तार किया गया है। उनसे सट्टा लगाने की सामग्री सहित अन्य माल जब्त किया गया है। शनिवार की दोपहर आरोपियों को अवकाशकालीन अदालत में पेश किया गया । गिरफ्तार सटोरियों में आरोपी शिव चंद्रभान कांद्रीकर (35) गोलीबार चौक खडकरी मोहल्ला, महेंद्र राजू बिसोपे (26) पीली मारबत चौक और रोहित आनंद दाडेल (23) ठक्करग्राम पांचपावली निवासी है। अपराधिक तत्वों की तलाश में अपराध शाखा के यूनिट क्र.तीन की टीम पांचपावली थाना क्षेत्र में गश्त लगा रही थी। उस दौरान उन्हें अनिल नास्ता प्वाइंट नामक होटल में आरोपियों के बैठे होने व वहां से कल्याण और प्रभात नामक सट्टा पट्टी पर खायवाली किए जाने की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके चलते पुलिस ने परिसर को घेर लिया और छापा मार कार्रवाई को अंजाम दिया। उन्हें ऑन लाइन व ऑफ लाइन लोगों से रुपए रुपए लेकर सट्टा लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। रुपए लेने के बाद वे फोन पर ही सट्टे के आंकडे बता देते थे। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से नकद साढ़े पांच हजार रुपए, चार मोबाइल फोन, दोपहिया वाहन क्र.एमएच 49 ए.एम.6774 और एमएच 31 डी.डब्ल्यू 711 ऐसे कुल डेढ़ लाख रुपए का माल जब्त किया गया है।

# ड्रग्स विक्रेताओं से देशी पिस्टल बरामद | पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**नागपुर.** पारडी नाका के पास अपराध शाखा ने छापा मारकर दो ड्रग्स विक्रेताओं को दबोच लिया है। उनसे देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस जब्त किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ पारडी थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है। शनिवार की दोपहर अवकाशकालीन अदालत में पेश कर उन्हें पुलिस रिमांड में लिया गया है। आरोपी ड्रग्स विक्रेताओं में मोहसीन शाह यासीन शाह (34) मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा स्थित खान कॉलोनी निवासी और उसका साथी ऋषि चैनसुख राठोड़ (28) वर्ष छिंदवाड़ा जिला के ही जुनारपुर निवासी है। वह एमडी (मैफेडॉन) नामक ड्रग्स खरीदी करने के लिए नागपुर आए हुए थे। शुक्रवार व शनिवार की दरमियानी रात करीब दो बजे के दौरान वह एमडी खरीदी कर कार से वापस छिंदवाड़ा जा रहे थे। उल्लेखनीय है कि विधान सभा चुनाव होने प्रशासन से जुड़े लोग पहले से ज्यादा सतर्क हैं।

शहर के अलावा नाकों पर पुलिस का सख्त पहरा है। बाहर से आने जाने वाले वाहनों की नाकों पर संघन जांच पड़ताल करने के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। जिसके चलते पारडी नाका पर भी अपराध शाखा के यूनिट क्र.चार की टीम तैनात थी। कार का नंबर मध्य प्रदेश का होने से पुलिस ने वाहन को रोक लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी संतोष जनक जवाब नहीं दे पाए। जिससे पुलिस को शक हुआ। उन्होंने कार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से 54 ग्रॉम 25 मिली ग्राम एमडी नामक ड्रग्स, देशी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस मिला है। जब्त सामग्री के बारे में अभी भी आरोपी कोई सटीक जवाब नहीं दे रहे हैं।

उक्त सामग्री के अलावा आरोपियों से कार सहित कुल 10 लाख 18 हजार रुपए का माल बरामद किया गया है। इस बीच पारडी थाने में प्रकरन दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। मादक पदार्थ विरोधी कानून के तहत धारा 8 (अ), 22 (ब) 29 प्रकरन दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। शनिवार की दोपहर अवकाश कालीन अदालत में पेश कर उन्हें पुलिस रिमांड में लिया गया है। जिससे उनसे यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि उन्होंने नशीला पदार्थ कहां से और किससे खरीदी किया था। पिस्टल का पहले किसी घटना में इस्तेमाल किया या किसी घटना को अंजाम देने वाले हैं इस बारे में जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस आयुक्त डॉ.रविंद्रकुमार सिंगल, सह पुलिस आयुक्त निसार तांबोली,अपर आयुक्त संजय पाटील, उपायुक्त राहुल माखनिकर, सहायक उपायुक्त अभिजीत पाटील के मार्गदर्शन में निरीक्षक कमलाकर गड्डीमे और उनकी टीम ने कार्रवाई की है।

## रामटेक में निकली भव्य शोभायात्रा

>पंचक्रोशी से पहुंचे श्रद्धालु, उमड़ी भीड़



**रामटेक.** बैकुंठ चतुर्दशी के अवसर पर 43वीं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें 36 झांकियां शामिल थीं। शोभायात्रा के मार्ग पर सुंदर रंगोली बनाई गई थी और सौ से अधिक ध्वनि प्रक्षेपण लगाए गए थे। इस दौरान 20 से अधिक प्रवेशद्वार बनाए गए थे, जिनमें से उत्कृष्ट प्रस्तुतियों को पुरस्कृत किया गया। शोभायात्रा की शुरुआत अठराभूजा मंदिर से शाम 5 बजे पूजा के साथ हुई, और यह यात्रा कालंका मंदिर, पुलिस थाना, आंबेडकर चौक, बस स्टैंड, गांधी चौक होते हुए राष्ट्रीय आदर्श विद्यालय के पास नगर परिषद मैदान में समाप्त हुई। शोभायात्रा में लाखों श्रद्धालु शामिल हुए, जो पंचक्रोशी यात्रा से रामटेक पहुंचे थे। पुलिस विभाग द्वारा डीवाईएसपी रमेश बरकते और थानेदार आसाराम शेटे के मार्गदर्शन में कड़ा सुरक्षा बंदोबस्त किया गया था, ताकि शोभायात्रा शांतिपूर्वक संपन्न हो सके।

# वांटेड आरोपी 4 साथियों के साथ गिरफ्तार

>डकैती की फिराक में थे

**नागपुर.**



सदर थाने में दर्ज चोरी के मामले में एक वांटेड आरोपी को उसके 4 साथियों के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस वांटेड आरोपी से पुलिस ने 18 ग्राम सोने के गहने भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम गणेश मनीराम बागडे (21) , निकेश बलराज शाहू (23), मुबारक शाह वकील शाह (20) कुंदनलाल गुप्ता नगर, यशोधरा नगर नागपुर, आदित्य गणेश डोंगरे (19) और प्रकाश मोहन दरवाडे (23) बाबा दीपसिंह नगर , कपिलनगर नागपुर निवासी है। आरोपियों से करीब 2 लाख 48 हजार 170 रुपए का माल जब्त किया गया है, जिसमें आरोपी गणेश बागडे से 18 ग्राम सोने के गहने का समावेश है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अपराध शाखा पुलिस विभाग की यूनिट 3 के दस्ते को 16 से 17 नवंबर की दरमियानी रात करीब 12.45 बजे गुप्त सूचना मिली कि बाबदीपसिंह नगर, बरगादी टेलर्स के बगल में खुली जगह पर कपिलनगर, नागपुर में कुछ लोग घातक शस्त्र लेकर डकैती डालने की योजना बना रहे हैं। दस्ते ने घटनास्थल पर पहुंचकर घेराबंदी डालकर आरोपी गणेश बागडे , निकेश शाहू, प्रकाश दरवाडे, मुबारक शाह वकील शाह और आदित्य डोंगरे को दबोच लिया। आरोपियों के इस गिरोह से तलवार, कटौनी, डंडे, रस्सी, मिर्ची पावडर, चार मोबाईल फोन, सोने के 18 ग्राम (कीमत करीब 1.26 लाख रुपए) गहने, बिना नंबर की एक्टिवा सहित 2 लाख 48 हजार 170 रुपए का माल जब्त किया। आरोपियों के मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपियों को दस्ते ने आगे की कार्रवाई के लिए कपिलनगर पुलिस के हवाले कर दिया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। यूनिट 3 के दस्ते के पुलिस निरीक्षक मुकुंद ठाकरे के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मधुकर काठोके, एएसआई दशरथ मिश्रा, हवलदार विजय श्रीवास, भूषण भगत, कपिल तांडेकर, दीपक दासरवार, जितेश रेड्डी, दीपक लाकडे और प्रमोद देशभ्रतार ने कार्रवाई की।

## मनपा का मतदाता जनजागृति अभियान

> वरिष्ठ नागरिकों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

**नागपुर.** महानगरपालिका प्रशासन से स्वीप अंतर्गत मतदान जनजागृति के लिए शहर के विविध वरिष्ठ नागरिक मंडलों के साथ अभियान को संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर शनिवार को महाराष्ट्र वैश्य संघ वरिष्ठ नागरिक मंडल के सदस्यों के साथहिवरी नगर उद्यान में कार्यक्रममें किया गया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने स्वयं मतदान कर अन्य को प्रोत्साहित करने का भी आवाहन नागरिकों और युवाओं से किया। रविवार को शहर में मतदाता जनजागृति के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

महानगरपालिका की ओर से मतदान जनजागरण के लिए स्वीप अभियान में रविवार 17 नवंबर की सुबह 9 बजे जनजागृति बाइक रैली का आयोजन किया गया है। रैली में विभागीय आयुक्त विजयलक्ष्मी बिदरी, पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र कुमार सिंगल, मनपा आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी, जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर, जिप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनायक महामुनि, मनपा की अतिरिक्त आयुक्त आंचल गोयल, अजय चारठाणकर, जिप की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी वर्षा गौरकर, मनपा उपायुक्त डॉ. रंजना लाडे, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी कपिल कलोडे, जिला क्रीड़ा अधिकारी पल्लवी धात्रक, मनपा के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. पीयूष आंबुलकर समेत अन्य उपस्थित रहेंगे। रैली महानगरपालिका मुख्यालय से होकर वीसीए चौक- जिलाधिकारी कार्यालय-आकाशवाणी चौक- जी.पी.ओ. चौक-जिला परिषद कार्यालय- पुलिस आयुक्त कार्यालय -लेडिज क्लब चौक- जी.एस.कॉलेज चौक- शंकरनगर चौक- झांसी रानी चौक-लोहापुल अंडर पास, मोक्ष धाम चौक- जाटतरोडी (रामबाग) -मेडिकल चौक -क्रीडा चौक-सोमवारी कॉर्टर- सक्करदरा चौक- मंगलमूर्ति लॉन चौक- जगनाडे चौक-गंगाबाई घाट चौक-टेलिफोन एक्सचेंज चौक- सी. ए. रोड- मेयो हॉस्पिटल चौक- एल.आई.सी.चौक- कडबी चौक-कडबी चौक पुलिया-छावणी-सदर से होकर मनपा मुख्यालय में समाप्त होगी।

# शांतिपूर्ण चुनाव कराने कामठी में पुलिस ने किया रूट मार्च



**कामठी.** 20 नवंबर को होने वाले कामठी- मौदा चुनाव को लेकर डीसीपी अनिकेत कदम ने कामठी शहर के दोनों थाने में रूट मार्च किया. रूट मार्च के दौरान अफसरों ने हर स्थिति को समझा. क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को देखने के बाद दिशा निर्देश दिए। डीसीपी अनिकेत कदम ने बताया कि चुनाव और अन्य राजनीतिक गतिविधियों को देखकर मार्च किया गया है। हर स्थिति को समझा गया.

नया कामठी पुलिस थाना के प्रांगण से डीसीपी निकेतन कदम की प्रमुख उपस्थिति में रूट मार्च शुरुआत करने उपरांत डीसीपी निकेतन कदम द्वारा लोगों से संवाद साध कर आगामी विधानसभा चुनाव भयमुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो, इसके लिए आह्वान किया जा रहा है. साथ ही किसी भी प्रलोभन में आते हुए भयमुक्त वातावरण में बड़ी संख्या में मतदान कर शहर में कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई.

इस अवसर पर एसीपी विशाल क्षीरसागर, नया कामठी पुलिस थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद पोरे, जुना कामठी पुलिस थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमडे, सहायक पुलिस निरीक्षक सचिन यादव, मनीष हीवरकर, पुलिस उपनिरीक्षक निर्मला झाडे, किशोर मोतीगे सहित केंद्रीय आरक्षित पुलिस दल, राज्य आरक्षित पुलिस दल, पुलिस कर्मचारी, यातायात पुलिस कर्मचारी, होमगार्ड कर्मचारी बडी संख्या में शामिल हुए. पैदल रूट मार्च इस्माईलपुरा, वारिसपुरा, बुनकर कॉलोनी, पारसीपुरा, जय भीम चौक, कामगार नगर, गावलीपुरा, जयस्तंभ चौक, गोयल टॉकीज चौक, गांधी चौक, शुक्रवारी बाजार, फेरुमाल चौक, रब्बानी चौक, कोलसाटाल, भाजीमंडी, कादर झंडा, खलासी लाइन, राम मंदिर, मोदी पडाव, मेन रोड, नेताजी चौक, बोरकर चौक, लाला ओली, सत्यनारायण चौक आदि का भ्रमण करते हुए नए कामठी पुलिस थाना प्रांगण में पैदल रूट मार्च का समापन किया गया.

# जापानी भंतेजी की उपस्थिति में ड्रैगन पैलेस टेंपल की रजत जयंती मनाई गई

दो दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**कामठी.**







बौद्ध संस्कृति का प्रतीक और शांति का प्रतीक ड्रैगन पैलेस टेंपल इस वर्ष अपनी रजत जयंती मना रहा है। इस वास्तु का उद्घाटन वर्ष 1999 में किया गया था और अपने 25 वर्षों के संचालन में इसने विश्व स्तर पर एक मिसाल कायम की है। इस महोत्सव में कई गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिन्होंने अपने विचारों के माध्यम से कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला.

समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलने वाले अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध फैलोशिप एसोसिएशन के अध्यक्ष कानसेन मोचिदा ने अपने भाषण में ड्रैगन पैलेस टेंपल की स्थापना के पीछे के दृष्टिकोण और सफल कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने 1999 में उद्घाटन समारोह में अपनी भागीदारी को याद किया और 25 वर्षों के बाद उसी स्थान पर वापस आने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा, "ड्रैगन पैलेस टेंपल बौद्ध दर्शन के प्रचार का एक स्थान है।" ड्रैगन पैलेस टेंपल प्रमुख व पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे और नोरिको ओगावा के योगदान के लिए विशेष सराहना व्यक्त की गई है।

उन्होंने आगे बौद्ध दर्शन के 'कमल सूत्र' और मानव जीवन में इसके महत्वपूर्ण संदेश की व्याख्या की। उन्होंने कहा, "अगर हम बुद्ध की शिक्षाओं को समझें तो हम मानवता के कल्याण के लिए प्रभावी काम कर सकते हैं।" सिल्वर फेस्टिवल का आयोजन विश्व प्रसिद्ध ड्रैगन पैलेस टेम्पल और इंटरनेशनल कन्फेडरेशन ऑफ इंटेलेक्चुअल्स के सहयोग से किया गया था। इस अवसर पर बोलते हुए भारत सरकार के मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बौद्ध धर्म की शिक्षाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस पवित्र भूमि को श्रद्धांजलि अर्पित की। "बौद्ध धर्म मानवता के लिएशांति और करुणा का मार्ग दिखाया गया है, "उन्होंने बाबासाहेब आंबेडकर के योगदान की प्रशंसा की।

मंत्री शेखावत ने भारत-जापान मित्रता को मजबूत करने वाले ड्रैगन पैलेस टेंपल की स्थापना के पीछे योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा, "ड्रैगन पैलेस टेंपल की स्थापना से दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत हुए हैं। यह एक अनुकरणीय पहल है, जो विश्व शांति को प्रेरित करेगी।" केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, "दुनिया के लिए भगवान बुद्ध के शांति के संदेश आज भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। बाबासाहेब आंबेडकर का जीवन और कार्य उनकी शिक्षाओं से जुड़ा हुआ है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करते हुए कड़े शब्दों में कहा था कि भारत ने दुनिया को युद्ध नहीं, बल्कि बुद्ध दिया है. आज पूरी दुनिया में बौद्ध धर्म का महत्व बढ़ रहा है और कई देश बुद्ध के विचारों से प्रभावित हो रहे हैं।"

उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, कुशीनगर में एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थापित किया गया है। नालंदा विश्वविद्यालय का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। साथ ही, भारत सरकार दीक्षा भूमि, चैत्य भूमि और बाबासाहेब के संरक्षण और विकास के लिए विशेष प्रयास कर रही है।" लंदन में आंबेडकर के शैक्षणिक स्थल.'' उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में बौद्ध स्थलों के विकास के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस के साथ चर्चा चल रही है.

अपने परिचयात्मक भाषण में एड. सुलेखा कुंभारे ने भगवान बुद्ध और बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों पर आधारित सामाजिक कार्यों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। "बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर चलकर समाज को एकजुट करना हमारी जिम्मेदारी है. केंद्र सरकार में किरेन रिजिजू जैसे बौद्ध मंत्री का होना बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने का संकेत है. ड्रैगन पैलेस टेंपल सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं है, बल्कि बुद्ध के शांतिपूर्ण विचारों को बढ़ावा देने के लिए एक वैश्विक केंद्र बन गया है।

इस मौके पर भन्ते योशिकुरा यासुतो, भन्ते मात्सुमोटो गाकुग्यो, भन्ते अरासे कानग्यो, भन्ते कोशि न्युकेन, भन्ते फुचिगामी वाशिन, भन्ते इरविन्ना नसिब मिस जॅनिस लॉय भदन्त, सोनेनजी, भन्ते हाशिझुमे इचिम्यो, भन्ते टकेडा इहारू, भन्ते सेगावा काझुहिसा, भन्ते डोई मिचियो, भन्ते हिराई चिशिन, भन्ते शिनग्यो इमाई, भन्ते शिशिहारा जिको, भन्ते मासुई सिको, भन्ते सकुराइ योशिहिसा, भन्ते ओकाडा काझुया, दैसुके टनाका, भन्ते इकेगामी युकियासु, भन्ते नगाता मासाओ, भन्ते इचिकावा ताइगा, भन्ते ताकेशिमा होगी, भन्ते मुराकामी शोगो, भन्ते अरिमोटो युकी, भन्ते मिउरा यासुनोरी, भन्ते ओकाडा केइको, मिस टॅक्को टनाका के अलावा विशेष आमंत्रित के रूप में शार्टत्से खेनसूर रिनपोचे जन्गचूप चोइदेन सेक्रेटरी जनरल इंटरनॅशनल बुद्धिस्ट कॉन्फेडरेशन उपस्थित रहे.

## ड्रैगन पैलेस मंदिर का रजत महोत्सव

>शांति, समानता और मानवता का उत्सव

कार्यक्रम का मुख्य संदेश यह है कि भारत सरकार और स्थानीय संगठन बुद्ध के विचारों को बढ़ावा देने और बाबासाहेब के कार्यों को विश्व स्तर पर महिमामंडित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। आशा है कि यह गतिविधि भगवान बुद्ध के शांति के संदेश को फैलाएगी और समाज में समानता और सद्भाव पैदा करेगी। ड्रैगन पैलेस टेंपल एक प्रेरणा: यह टेंपल की स्थापना से लेकर विश्व शांति के प्रयासों तक की 25 साल की यात्रा है। विभिन्न देशों से लोग यहाँ आये और बौद्ध धर्म का दर्शन सीखा आत्मसात कर लिया गया है. इस त्योहार ने सभी को मानवता और शांति के रास्ते पर एक साथ आने का संदेश दिया है। इस अवसर पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. ड्रैगन पैलेस मंदिर का रजत महोत्सव विश्व शांति और स्नेह का उत्सव बन गया है। इस ऐतिहासिक क्षण में उपासिका सुलेखा कुंभारे, नोरिको ओगावा और सभी सहयोगियों के योगदान को याद करते हुए, यह उत्सव मानव जीवन के मूल्यों का उत्सव बन गया।



# जय हरि विट्ठल के जयघोष से गूंजा रनाला क्षेत्र

**कामठी.** रनाला गांव में शनिवार को विठ्ठल रुक्मिणी मंदिर पर विठ्ठल भक्ति का अदभूत नजारा दिखा. सुबह निकली दिंडी यात्रा में लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया. यात्रा की शुरुआत विठ्ठल रुकमणी मंदिर से मंदिर कमेटी की अध्यक्षा विमल नागोराव साबरे, पूर्व उपसरपंच नागोराव साबरे, सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे की अगुआई एवं मंदिर कमेटी के सौ. अनुराधा सतीश नवले, सौ. मिना गणपत गिरी, माया बबन भालेराव, वैशाली अरुण इंगोले, मंदा श्रीराम अढाऊ, सपना संजय गावंडे, इंदु गजानन मोहोड, सुवर्णा प्रशांत साबळे, गीता गंगाधर शेंडे, आशा आत्माराम ढोरे की प्रमुख उपस्थिति में हुई.

गांव के विभिन्न हिस्सों में लगभग दो घंटे से भी अधिक समय तक भ्रमण के बाद यात्रा का समापन विठ्ठल रुक्मिणी मंदिर परिसर में हुआ. दिंडी यात्रा मे फूलों से सजी हुई पालकी में भगवान विठ्ठल की पादुका, फोटो और संत ज्ञानेश्वर द्वारा रचित ग्रंथ ज्ञानेश्वरी को रखा गया था. पालकी के साथ पारंपरिक मराठी वस्त्र लुगड़, नववारी साड़ी पहन कर शामिल महिलाएं और युवा फुगड़ी नृत्य और पाउल भजन गाते हुए चल रहे थे. झांझ और ढोलक की थाप पर श्री हरी विठ्ठल, जय हरी विठ्ठल का जयघोष करते हुए, भगवा ध्वज लहराते हुए पुरुष मंडली भी साथ चल रही थी. पालकी यात्रा की समाप्ति पर आरती की गई. तत्पश्चात ह.भ.प.देवानंद महाराज का कीर्तन का आयोजन किया गया. वहीं दोपहर से देर शाम तक श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद का लाभ उठाया.

ज्ञात हो कि कोजागिरी से टीपर पूर्णिमा तक रोजाना शाम में वसंतराव ढोरे, सतीश नवले, मधुकर गिरी, विनोद बावने, सुरज गिरी, सुनील बोरकर, शेषराव अढाऊ, रामभाऊ बोंद्रे, संतोष शाहू, सुधीर निशाने, सुमित बावने, रामू धुर्वे आदि भक्त मंडल द्वारा काकड़ आरती की जाती थी. कार्तिक पूर्णिमा पर शुक्रवार को रात्रि 12 बजे भजन के साथ टिपुर जलाया गया. पालकी यात्रा व महाप्रसाद के सफ़लतार्थ कमेटी के पदाधिकारियों सहित प्रदीप उर्फ बाल्या सपाटे, गणपत गिरी, ज्ञानेश्वर शेंडे, अमित ढोरे, वैभव मुलमुले, राजू ठाकरे, योगेश मुलमुले, योगेश नवले, मनोज धानोरकर, नरेश उर्फ बिट्टू चकोले, बाबाराव ठाकरे, कमलाकर मोहोड़, विशाल गिरी, श्रावण धुर्वे, राहुल बंड, गणेश गिरी, अतुल ठाकरे, सुनील मोहोड़, राकेश मोहोड़, मुकेश दुर्गे, स्वप्निल फुकटे, मयूर गणेर, अजय ठाकुर, सुधीर अपाले, केशव बड़सकर, प्रभाकर गुड़धे, पांडुरंग गायकवाड़, राजू गंधेवार, मामा बिहारी, बंडू भलावी, अमित अढाऊ, संजय अढाऊ, रोहित गिरी, अश्विन गिरी आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे.

# लाइनमैन की मनमानी से ग्रामवासी हो रहे परेशान

## > डिमांड राशि भरने के बाद भी कनेक्शन नहीं

**सालेकसा.**

तहसील अंतर्गत ग्राम टोयागोंदी निवासी धनीलाल साखरे ने महावितरण देवरी उपविभाग के अंतर्गत आने वाले सालेकसा तहसील में कार्यरत लाइनमैन शशि ठाकरे की कारनामों का एक चर्चा में खुलासा किया है. महावितरण देवरी उपविभाग के अंतर्गत आने नेवाले सालेकसा तहसील में कार्यरत लाइनमैन शशि ठाकरे की मनमानी के कारण ग्रामीणजन इन दिनों काफी परेशान हैं. लाइनमैन शशि ठाकरे नए विद्युत कनेक्शन को जोड़ने के लिए ग्राहकों से 5,000 रु. की मांग करते हैं. उन्हें घर के लिए 10-11 माह बीत जाने के बावजूद अब तक विद्युत कनेक्शन नहीं दिया गया है. उन्होंने मीटर लगाने के लिए महावितरण के उपकार्यकारी अभियंता कार्यालय सालेकसा में



नियमानुसार आवेदन भी किया था तथा डिमांड राशि भी उन्होंने जमा कर दी. लेकिन 10-11 माह बीतने के बावजूद उन्हें अब तक विद्युत कनेक्शन नहीं दिया गया है. जिसके चलते उन्हें आज भी अंधेरे में रात बितानी पड़ रही है. टोयागोंदी यह गांव जंगलों से लगा होने के कारण विषैले जीव-जंतुओ, हिंसक जानवरों आदि का डर बना रहता है. यह नक्सल प्रभावित क्षेत्र है. लेकिन यहां विद्युत कनेक्शन धारक लाइनमैन की मनमानी से पूरी तरह त्रस्त हो चुके हैं, जिससे कई-कई दिनों तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहती है.

### बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

लाइनमैन आए फाल्ट को ठीक करने के लिए वह ग्रामीणों से पैसे की वसूली करता है. आरोप लगाया है कि लाइनमैन की इस मनमानी के कारण खेती के सीजन में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. साथ ही बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती रहती है. गांव के भोले-भाले नागरिकों को विद्युत कनेक्शन के नाम पर अवैच वसूली करते हैं. लाइनमैन शशि ठाकरे पिछले अनेक वर्षों से एक ही क्षेत्र में नौकरी कर रहे हैं. इस तरह के गैर जिम्मेदार कर्मचारी पर तत्काल कार्रवाई कर उनका स्थानांतरण किए जाने की मांग दानिलाल साखरे ने की है.

# अदानी पावर प्लांट तिरोड़ा में मतदान जनजागृति

**गोंदिया.** विधानसभा चुनाव 2024 के तहत जिले की चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 20 नवंबर को मतदान होगा। गोंदिया जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके, इसके लिए जिला प्रशासन विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी के एक भाग के रूप में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जनजागृति के लिए 15 नवंबर को अदानी पावर प्लांट तिरोड़ा में पथनाट्य एवं पोवाड़ा के प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जनजागृति की गई। इस अवसर पर तिरोड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की चुनाव निर्णय अधिकारी तथा उपविभागीय अधिकारी पूजा गायकवाड़, उपजिलाधिकारी तथा नोडल अधिकारी मानसी पाटील, तिरोड़ा के तहसीलदार नारायण ठाकरे, गोरेगांव की तहसीलदार प्रज्ञा भोकरे, जिला स्वीप टीम की ओर से सहायक स्वीप नोडल अधिकारी डा. महेंद्र गजभिये तथा शिखा पिपलेवार, नोडल अधिकारी केदार गोटेफोड़े, एम.डी. पारधी, तथा एनएसएस के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# महाकाली धाम में महापूजा एवं महाप्रसाद कार्यक्रम संपन्न

**वर्धा.**



महाकाली धामतीर्थ पर दि. 15 नवंबर को पंधरवाडी के अवसर पर महापूजा एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया.

इस अवसर पर अष्टांग योग विधि, होम हवन एवं पूजन से त्रिदेवी की पूजा की गई। इस अवसर पर बाबूलालजी दिग्रसे एवं परिवार द्वारा महाप्रसाद का वितरण किया गया। पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री ने तुलसी विवाह पर प्रवचन देते हुए कहा कि, कार्तिकी एकादशी को प्रबोधिनी एकादशी या विष्णु प्रबोधोत्सव के नाम से भी जाना जाता है। आषाढ़ी एकादशी से प्रारंभ होने वाले चातुर्मास को कार्तिकी एकादशी कहा जाता है। आषाढ़ी एकादशी से कार्तिक एकादशी तक की अवधि को चातुर्मास के रूप में जाना जाता है।

आषाढ़ शुद्धा एकादशी को 'देवशयनी एकादशी' कहा जाता है; उस दिन देवता शयन के लिये चले जाते हैं। कार्तिक शुद्ध एकादशी भगवान निद्रा से जागते हैं; इसलिए उसे 'प्रबोधिनी (बोधिनी, देवोत्थानी) एकादशी' कहा जाता है।

भगवान विष्णु, पालनहार, निष्क्रिय हैं जबकि ब्रह्मा का सृजन कार्य चल रहा है; इसलिए चातुर्मास को विष्णुशयन कहा जाता है। आषाढ़ शुद्ध एकादशी को विष्णुशयन और कार्तिक शुद्ध एकादशी के बाद द्वादशी को विष्णुप्रबोधोत्सव मनाया जाता है।

भगवान को निद्रा से जगाने के लिए कार्तिकी एकादशी मनाई जाती है। इस दिन से भगवान विष्णु सृष्टि का संचालन करते हैं। इस दिन भगवान विष्णु का शालिग्राम अवतार और माता तुलसी का विवाह हुआ था। प्रबोधिनी एकादशी पर भगवान विष्णु चार महीने की योग निद्रा से जागते हैं। उन्होंने कहा कि तभी सभी शुभ कार्य प्रारंभ होते हैं। बाबूलालजी दिग्रसे एवं परिवार, राघोबाजी कोरडे, बाबाराव महाजन, चंद्रभानजी आसोले, अनिल बोडखे, गणेश काले सहित अनेक माई भक्त उपस्थित थे.

# देवली विधानसभा क्षेत्र में कड़ा मुकाबला



**देवली.**

देवली-पुलगांव विधानसभा क्षेत्र में 14 प्रत्याशी मैदान में हैं. हर प्रत्याशी मतदाताओं के बीच जाकर जीत का अपना-अपना कारण बता रहे है। बीजेपी से राजेश बकाने, बहुजन समाज पार्टी से उमेश म्हैसकर, कांग्रेस से रंजीत कांबले और किरण ठाकरे (निर्दलीय), नीलेश मसराम (गोंगपा), अश्विनी शिरपुरकर (रा. समाज पार्टी), चेतन साहू (स.व. पटेल पार्टी), हर्षपाल मेंढे (बमुआ), कुंदन जांभुलकर (वीबीए), सतीश इंगले (रिपाइं आ.), अंकुश कोचे (आसपा), पंकज बकाने (निर्दलीय), अतुल दिवे (निर्दलीय), माधुरी डहारे (निर्दलीय) देवली-पुलगांव निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव लड़ रहे हैं। सभी प्रत्याशी अपने विभिन्न मुद्दों को लेकर मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं. हालांकि, अनुमान है कि मुकाबला तीन प्रमुख पार्टियों बीजेपी, बीएसपी और कांग्रेस के बीच होगा. बीजेपी के राजेश बकाने, बीएसपी के उमेश म्हैसकर और कांग्रेस के रंजीत कांबले के बीच बड़ा मुकाबला होगा. इस सीट पर सभी उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं और चुनाव प्रचार भी तेज हो गया है.

# डॉ. जी.आर. जंगमवार, डॉक्टर ऑफ लॉ (एल.एल.डी) डिग्री से सम्मानित

**वर्धा.** डॉ. जी.आर.जंगमवार को कानून के क्षेत्र में सर्वोच्च माने जानेवाले, डॉक्टर ऑफ लॉ (एल.एल.डी) की पोस्ट-डॉक्टरेट डिग्री से सम्मानित किया गया।



कानून में पीएचडी प्राप्त करने के बाद डॉक्टर ऑफ लॉ (एलएलडी) की पोस्ट-डॉक्टरेट डिग्री प्रदान की जाती है।

डॉ. जंगमवार ने अब तक 4 डॉक्टरेट, 10 विषयों में पोस्ट ग्रेजुएशन, लॉ में नेट सेट, पीजी डिप्लोमा और डिप्लोमा सहित विभिन्न विषयों में 18 डिग्रियां प्राप्त की हैं। उनकी इस सफलता के लिए उनकी हर तरफसे सराहना की जा रही है.

# गीली रेत का परिवहन करनेवाले ट्रक सहित 10,25,000/- रुपये का माल जब्त

**वर्धा.**

स्थानीय अपराध शाखा की टीमें गश्त कर रही थीं. तभी धाम नदी के तट से मौजा तरोडा गांव से मजदुरों के माध्यम से गीली रेत ट्रक में लोड करके अवैध तरीके से परिवहन किया जा रहा है. ऐसी जानकारी पर ट्रक नंबर एम.एच. 32 क्यू. 1714 के चालक को रोककर पूछताछ की गई तो उसने यह ट्रक नौशाद खान निवासी फुलफैल, आनंदनगर, वर्धा का है ऐसा बताया.

(पसार के अनुरोध पर, ट्रक ड्राइवर अनिल महादेव धोंडे, उम्र 55 वर्ष, निवासी सावमगी मेघे, वार्ड नंबर 02 वर्धा, ने अपने कब्जे में टाटा कंपनी का लाल सफेद रंग का केबिन वाला पुराना ट्रक इस्तेमाल किया. एवं हरा पेंट जिसका पंजीयन क्रमांक एम.एच. 32 क्यु.1714 एवं, ट्रक के



डाले में गीली रेत (250 फीट) किमत प्रति ब्रास 10,000 रूपये कुल कीमत 10,25,000 रूपये उसके कब्जे से बरामद किया गया. पो. स्टे.सेवाग्राम में दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता अधिनियम 2023 की धारा 303(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

यह कार्यवाही अनुराग जैन, पुलिस अधीक्षक वर्धा, सागर कवड़े, अपर पुलिस अधीक्षक वर्धा के निर्देशानुसार पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी, पुलिस अधिकारी गजानन लामसे, चंद्रकांत बुरंगे, भूषण निघोट, रितेश शर्मा, मनीष कांबले, अमोल नगराले, गोपाल बावनकर, मंगेश आदे, दीपक साठे सभी स्थानीय अपराध शाखा, वर्धा ने की है.

# केडीएम पब्लिक विद्यालय में स्टुडेंट लीड सेमिनार का आयोजन



**वर्धा.**

वर्धा के केडीएम प्री एवम पब्लिक विद्यालय में स्टूडेंट लीड कॉन्फरन्स का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम मे विद्यालय के प्राचार्य वैद्य सर उपस्थित थे. इसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में अपना प्रात्यक्षिक प्रदर्शन प्रस्तुत किया। इसमें सभी अभिभावक मौजूद रहे. कार्यक्रम में प्रीती इंगोले, कविता वाडेकर, श्वेता सांबरे, पूनम ठाकुर, प्राजक्ता घरोटे, प्रीति ढोणे, मंजूषा नोकरकर, अश्विनी इंगोले, अश्विनी नंदरधने, चैताली नंदरधने और अन्य शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने भाग लिया।

# पुलिस निरीक्षक रहमान ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**गोंदिया.** 64- तिरोड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त किए गए पुलिस निरीक्षक हसीब उर रेहमान ने तिरोड़ा विधानसभा क्षेत्र के दवनीवाड़ा, परसवाड़ा, गोंडमोहाड़ी, बोदलकसा स्थित मतदान केंद्र को भेंट देकर निरीक्षण किया। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आगामी 20 नवंबर को मतदान होगा। अधिक से अधिक नागरिक मतदान करें, इसके लिए जिलेभर में विविध उपक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होना आवश्यक है, जिसके लिए हसीब उर रेहमान ने प्रत्यक्ष रूप से मतदान केंद्रों का जायजा लिया एवं आवश्यक सुविधाएं मुहैय्या कराने की सूचना संबंधितों को दी। इस अवसर पर चुनाव पुलिस निरीक्षक के संपर्क अधिकारी तेजस कोंडे, पुलिस निरीक्षक वर्षा ढाले, पुलिस पटेल व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# विनयभंग के आरोपी को 3 वर्ष का कारावास, एवं 3 हजार रुपए जुर्माना

**गोंदिया.** जिला व सत्र न्यायाधीश वानखेड़े ने 16 नवंबर 2024 को दिए गए अपने निर्णय में विनयभंग के एक आरोपी को 3 वर्ष का कारावास एवं 3 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर 2 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।



पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोरेगांव पुलिस थानांतर्गत ग्राम घोटी परिसर में म्हसगांव तहसील गोरेगांव निवासी फरियादी अपनी सहेली के साथ साइकिल से कॉलेज से घर वापस जा रही थी। इसी दौरान दो आरोपियों ने मोटर साइकिल से उसका पीछा किया। आरोपी विकास उर्फ पिंटू टेंभुर्णीकर (27) ने फरियादी के सिर पर हाथ मारकर उसे नीचे गिराकर उसे अपमानित करने का प्रयास किया। आरोपी के साथ म्हसगांव निवासी रमेश रामाजी भास्कर (31) भी था। यह घटना 28 जुलाई 2017 को 11.45 बजे के दौरान घटित हुई। फरियादी की शिकायत पर गोरेगांव पुलिस ने अपराध क्रमांक 160/2017 भादंवि की धारा 354, 345, (डी), 323, 337 एवं पास्को एक्ट की धारा 8, 12 के तहत मामला दर्ज किया था। मामले की जांच तत्कालीन पुलिस निरीक्षक सुरेश नारनवरे ने की एवं जांच के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में यह मामला केस क्रमांक 33/2018 के रूप में चला। इस मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने 16 नवंबर 2024 को दिए गए अपने फैसले में आरोपी को भादंवि की धारा 354 के तहत 3 वर्ष के कारावास एवं 3 हजार रुपए दंड तथा दंड न भरने पर 2 माह के अतिरिक्त कारावास, भादंवि की धारा 323 के तहत 6 माह का कारावास एवं 500 रुपए दंड तथा दंड न भरने पर 15 दिन के अतिरिक्त कारावास तथा पोस्को एक्ट के अंतर्गत 3 वर्ष के कारावास एवं 3 हजार रुपए दंड तथा दंड न भरने पर 2 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई। आरोपी क्रमांक 2 रमेश भास्कर की मृत्यु हो चुकी है।

# मतदान आव्हान चिट्ठी के माध्यम से

## एक ही दिन 8 लाख 50 हजार मतदाताओं के बीच जनजागृति करने का संकल्प

**गोंदिया.**



ग्रामीण स्तर पर लोगों द्वारा 20 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में मतदान किया जाए, इसके लिए प्रशासन की ओर से आखिरी और अनोखा उपक्रम 18 एवं 19 नवंबर को चलाया जाएगा। 18 नवंबर को एक ही दिन तकरीबन 8 लाख 50 हजार मतदाताओं को मतदान आव्हान चिट्ठी का वितरण कर मतदान करने के विषय में जनजागृति की जाएगी। यह जानकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा स्वीप नोडल अधिकारी एम. मुरुगानंथम ने दी है।

गौरतलब है कि आगामी 20 नवंबर को होनेवाले विधानसभा चुनाव के मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विविध उपक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी उपक्रम के तहत एक आखिरी एवं अनोखा उपक्रम मतदान आव्हान चिट्ठी चलाया जा रहा है। जिसके अनुसार शासकीय शाला से 2 लाख, निजी शाला से 2 लाख, आंगनवाड़ी केंद्र से 1 लाख 84 हजार, नगर परिषद के माध्यम से शहरी क्षेत्र में 32 हजार, राज्य परिवहन महामंडल के माध्यम से यात्रियों के बीच 20 हजार, रेलवे विभाग से यात्रियों के बीच 10 हजार, माविम महामंडल के माध्यम से 10 हजार, पंचायत विभाग से ग्राम स्तर पर 1 लाख 60 हजार, स्वास्थ्य विभाग के ओपीडी विभाग से 25 हजार, पशु चिकित्सा विभाग से 20 हजार इस प्रकार कुल एक ही दिन 8 लाख 61 हजार मतदाताओं को मतदान आव्हान चिट्ठी का वितरण किया जाएगा। यह उपक्रम 18 नवंबर 2024 को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक चलेगा। मतदाताओं को चिट्ठी पहुंचाने के लिए सभी विभागों को दिशानिर्देश दिए गए हैं।

# मतदान के दिन जिले के सभी साप्ताहिक बाजार रहेंगे बंद

**गोंदिया.** चुनाव आयोग ने विधानसभा आम चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया है। जिसके तहत आगामी 20 नवंबर को मतदान होना है। सभी पंजीकृत मतदाताओं द्वारा उनके मताधिकार का उपयोग किया जाए, इसके लिए जिले में विविध उपक्रम चलाया जा रहा है। मतदान के लिए जिले के सभी साप्ताहिक बाजारों को बंद रखने का आदेश भी जिलाधिकारी प्रजीत नायर द्वारा जारी किया गया है। मतदान प्रक्रिया निर्भय, शांतिपूर्ण वातावरण एवं चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार कोई भी अनुचित घटना न हो एवं जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मतदान सामग्री सहित मतदान पथक 19 नवंबर 2024 को पहुंचेंगे। उक्त सामग्री के लिए सावधानी बरतना बेहद आवश्यक है। साथ ही सार्वजनिक शांतता एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में मुंबई पुलिस अधिनियम 1951 क्र. 22 की धारा 37 (1)(3) के तहत प्रतिबंध लगाया गया है। उसी प्रकार जिले में फौजदारी प्रक्रिया संहिता 2023 की धारा 163 के तहत मतदान की कालावधि में विविध मुद्दों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। लेकिन मतदान के दिन जिले के अनेक गांवों में जगह-जगह साप्ताहिक बाजार आयोजित किए जाते हैं। जिससे मतदान के दिन नागरिकों की भीड़ के कारण कानून एवं शांति व्यवस्था का प्रश्न निर्माण होगा। ऐसे में बाजार व जत्रा अधिनियम 1862 की धारा 5 (अ) एवं (क) के अंतर्गत जिला दंडाधिकारी तथा जिला चुनाव अधिकारी प्रजीत नायर ने 20 नवंबर को आयोजित होनेवाले गोंदिया जिले के सभी साप्ताहिक बाजारों को बंद रखने का आदेश जारी किया है।

# पहले की माँ की हत्या

## फिर खुद भी कुएं में छलांग लगाकर कर ली आत्महत्या

## > सालेकसा तहसील के कुणबीटोला की घटना

**गोंदिया.**



गोंदिया जिले के सालेकसा तहसील के ग्राम कुणबीटोला में बेटे ने अपनी ही माँ को कुल्हाडी से वार कर मौत के घाट उतार दिया और बाद में खुद ने भी कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से संपूर्ण जिले में हड़कंप मच गया है। मृतक महिला का नाम सुलकनबाई फतेहलाल बनोठे (75) एवं मृतक आरोपी बेटे का नाम लेखराज फतेहलाल बनोठे (54) बताया गया है। यह घटना 15 नवंबर को घटित हुई।

इस संदर्भ में पुलिस ने जानकारी दी कि मृतक आरोपी लेखराम बनोठे यह शराब का आदी था, जो आए दिन शराब के लिए अपनी माँ सुलकनबाई से रुपए मांगा करता था। 15 नवंबर को भी आरोपी ने शराब के लिए अपनी माँ से रुपए की मांग की। जिस पर मृतका ने आरोपी बेटे से कहा कि उसके पास शराब के लिए रुपए नहीं है। माँ द्वारा रुपए न देने की बात पर आरोपी ने घर में रखी कुल्हाड़ी से अपनी ही माँ पर वार कर दिया गया।

जिससे सुलकनबाई की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद लेखराम ने भी घर के पास स्थित कुएं में छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही उपविभागीय पुलिस अधिकारी प्रमोद मड़ामे तथा सालेकसा के पुलिस निरीक्षक भूषण बुराड़े, महिला पुलिस उपनिरीक्षक मयूरी नागदिवे तत्काल मौके पर पहुंचे और जांच आरंभ की।

फिलहाल मृतक आरोपी के खिलाफ सालेकसा पुलिस ने अपराध क्रमांक 395/24 की धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच महिला पुलिस उपनिरीक्षक मयूरी नागदिवे कर रही है।

# पुरानी नहरें गिन रही हैं अंतिम सांसें

## > विभाग की अनदेखी : माल्ही, शंभुटोला की दुर्दशा

**गोंदिया.**

बाघ सिंचाई व्यवस्थापन विभाग ने सालेकसा तहसील में किसानों की कृषि के लिए सिंचाई प्रणाली बनाई है, इसलिए गांव के परिसर के नजदीक नहरें बनाई गई हैं. लेकिन, 45 साल पहले बनाए गए कई नहरें अब अंतिम सांसे गिन रही हैं. इसमें माल्ही, शंभुटोला क्षेत्र के नहरें विभाग की अनदेखी का शिकार हुए है.

इन नहरों के खराब होने के कारण कई किसानों के खेतों में खरीफ और रबी का पानी नहीं जाता है, फिर भी इनकी मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है. सालेकसा तहसील के किसानों को तीन बांधों से पानी मिलता है. किसान डिमांड भर कर लाखों रु. सरकारी खजाने में जमा कर देते हैं. किसानों तक पानी पहुंचाने और व्यवस्थापन के लिए कई कर्मचारी-अधिकारी काम कर रहे हैं.

लेकिन हमेशा इस ओर अनदेखी की जाती है. 40 साल पहले बनी माल्ही, शंभुटोला, महारीटोला में जलापूर्ति की स्थिति खराब होते देख किसानों का रखवाला कौन? ऐसा सवाल किया जा रहा है. 1969, 70 और 71 के तीन वर्षों में आमगांव,



माल्ही, शंभुटोला, महारीटोला में नहरों का कार्य किया गया. इन तीनों गांवों का कृषि क्षेत्र लगभग 2,300 एकड़ है. इसके लिए 2,100 एकड़ में रबी व खरीफ फसलों के लिए नहरों से पानी उपलब्ध कराया जाता है तथा 200 एकड़ कृषि भूमि शुष्क है. पानी से प्रभावित किसानों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अगर वे प्रयास करें तो खेत में पानी जा सकता है.

किसानों के बारे में विचार करें: रोटेशन के अनुसार इस वर्ष नहरों को रबी के लिए पानी नहीं है, लेकिन पानी की गंभीरता को देखते हुए सप्ताह में कम से कम एक बार पानी देना जरूरी है. माल्ही नहर में पानी न जाए, इसके लिए अधिकारियों ने नहर में सीमेंट का निर्माण करा दिया है, पानी की एक भी बूंद नहर में नही आ रही है. कुल मिलाकर आमगांव, माल्ही, शंभुटोला, महारीटोला में वितरण का कार्य करना जरूरी है. लेकिन, स्थानीय अधिकारियों की अनदेखी का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है.

### खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए करनी पड़ रही मशक्कत

इन 200 एकड़ जमीन से आय प्राप्त करने वाले किसान अधिकारियों को वजन देकर अपनी आय प्राप्त करते हैं. इस नहर पर 15 साल पहले काम किया गया था, लेकिन वह अच्छे से नहीं किया गया. किसानों को खेती के लिए पानी नहीं मिलता. लाखों रु. जलकर वसूलने के बाद भी किसानों के पास पानी नहीं है. नहर की दुर्दशा हो गई है. कई जगहों पर सीमेंट का काम नष्ट हो गया है. किसी भी समय नहर को पार करना खतरनाक हो सकता है. लेकिन, अधिकारी नहर के कार्य के प्रति पूरी तरह से उदासीन हैं अथवा रुचि नहीं ले रहे हैं. नागरिकों ने नहर में सीवेज पाइप लगा दिए हैं. दूषित पानी से बीमारी फैल सकती है. इस पर किसी का धन नहीं है. आज नहर में पानी नहीं है. पिछले साल रबी के लिए पानी नहीं था. अंतिम छोर के किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है.

# नांदोरा गांव के नागरिकों ने मतदान बहिष्कार वापस लिया



**वर्धा.**

44-आर्वी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उपविभागीय अधिकारी और चुनाव रिटर्निंग अधिकारी विश्वास शिरसाट और तहसीलदार कारंजा (घा.) ने कारंजा (घा.) तालुका के नांदोरा (वनग्राम) गांव के मतदाताओं की एक बैठक ली. इस बैठक में सभी मतदाताओं को मतदान के अधिकार के बारे में जानकारी दी गई और मतदान का बहिष्कार नहीं करने के बारे में सभी को समझाया गया. इस बैठक के बाद नांदोरा (वनग्राम) के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार वापस ले लिया.

इस बैठक में नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया और मतदान के लिए प्रेरित किया गया. इसके अलावा इस विषय पर 26 नवंबर 2024 को कलेक्टर राहुल कार्डिले की अध्यक्षता में बैठक बुलाने की बात अनुविभागीय अधिकारियों ने सभी ग्रामीणों को बताई.

भारतीय लोकतंत्र विश्व का सर्वोत्तम लोकतंत्र है। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों को वोट देने का असीम अधिकार दिया गया है। प्रत्येक जागरूक मतदाता को मतदान के अपने बहुमूल्य अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी. अत: उपखण्ड अधिकारी विश्वास शिरसाट ने गांव के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे 20 नवम्बर को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें तथा लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी दर्ज करायें।

CMYK

# शेफ विष्णु मनोहर के डोसा वर्ल्ड रिकॉर्ड में गो-गैस का अहम योगदान

## > नागपुर में बना विश्व रिकॉर्ड का अद्भुत सफर

**नागपुर.**

सेलिब्रिटी शेफ विष्णु मनोहर के डोसा मेकिंग वर्ल्ड रिकॉर्ड में गो-गैस की महत्वपूर्ण भूमिका

नागपुर ने सेलिब्रिटी शेफ विष्णु मनोहर का डोसा मेकिंग में दो विश्व रिकॉर्ड का अद्भुत अनुभव किया। लोकप्रिय टीवी शो और नागपुर, लातूर, पुणे के साथ-साथ अमेरिका में फैली उनकी रेस्तरां श्रृंखला 'विष्णुजी की रसोई' के कारण प्रसिद्ध शेफ विष्णु मनोहर ने 24 घंटे की डोसा मेकिंग मैराथन में भाग लिया। यह इवेंट रविवार सुबह 7 बजे शुरू हुआ और सोमवार सुबह 9 बजे 14,174 डोसे बनाकर संपन्न हुआ। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने इस उपलब्धि को मान्यता दी, और पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र सिंघल ने मनोहर को प्रमाण पत्र देकर उनका सम्मान किया।



गो गैस, प्रीमियम क्वालिटी एलपीजी प्रदान करने में एक विश्वसनीय नाम, प्रसिद्ध शेफ विष्णु मनोहर के नेतृत्व में रिकॉर्ड तोड़ने वाले डोसा बनाने के कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना। 24 घंटे तक चलने वाले इस कार्यक्रम के लिए गो गैस आधिकारिक एलपीजी सप्लायर था, और रिकॉर्ड को निर्विघ्न रूप से पूरा करने में गो गैस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे इस अद्वितीय उपलब्धि के लिए उन्हें एक अमूल्य योगदानकर्ता के रूप में पहचाना गया।

गो गैस की उच्च-प्रदर्शन वाली एलपीजी ने तीन बड़े तवों को एक साथ ऊर्जा प्रदान की, जिससे पूरे कार्यक्रम के दौरान बिना किसी रुकावट के प्रभावी और स्थिर गैस उपलब्ध हो सकी। इसी निरंतरता की बदौलत शेफ विष्णु मनोहर ने 14,174 डोसे लगातार तैयार करने में सफलता पाई, जिसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा आधिकारिक मान्यता प्राप्त हुई।

'डोसा स्पेक्टेकल' नामक यह कार्यक्रम नागपुर के दर्शकों को बड़े पैमाने पर आकर्षित करने में बेहद सफल रहा। दर्शकों ने इस रिकॉर्ड-ब्रेकिंग प्रयास को देखा और बेहतरीन तरीके से तैयार किए गए डोसे का स्वाद लिया। गो गैस की उत्कृष्ट एलपीजी ने सुनिश्चित किया कि डोसे समय पर और समान रूप से पकें, जिससे सभी उपस्थित लोगों के लिए अनुभव और भी शानदार हो गया।

गो गैस ने गुणवत्ता, विश्वसनीयता और नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। इस योगदान ने न केवल तवों को ऊर्जा प्रदान की, बल्कि इस कार्यक्रम की आत्मा को भी शक्ति दी, जिससे यह पाक कला उत्सव सभी के लिए एक सुखद और यादगार अवसर बन गया। यह उपलब्धि गो गैस की ऐसी घटनाओं को ऊर्जा प्रदान करने की क्षमता को उजागर करती है जो प्रेरणादायक हैं और समुदायों को एकजुट करती हैं।

कॉन्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नितिन खरा ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर विष्णु मनोहर को हार्दिक बधाई दी। "ऐसे प्रेरणादायक प्रयास का समर्थन करते हुए हमें गर्व है, और रिकॉर्ड स्थापित करने पर विष्णु मनोहर का अभिनंदन करते हैं। हमें उम्मीद है कि भविष्य में और भी ऐसे ही उपलब्धियों को देखेंगे," खरा ने कहा। उन्होंने इस तरह के आयोजनों के लिए गो-गैस की गुणवत्ता और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को भी उजागर किया।

यह अविस्मरणीय डोसा मैराथन न केवल शेफ मनोहर के कौशल और मेहनत का प्रतीक है बल्कि गो-गैस की सर्वोत्तम एलपीजी समाधानों के माध्यम से महान उपलब्धियों को समर्थन देने की प्रतिबद्धता की भी झलक है, जिसने इस आयोजन को नागपुरवासियों की यादों में हमेशा के लिए बसा दिया।

कॉन्फिडेंस ग्रुप की सीएमओ श्रीमती राजश्री तेल्हारकर ने इस उपलब्धि पर श्री विष्णु मनोहर का सम्मान किया और उनके भविष्य के नए रिकॉर्डों के लिए शुभकामनाएं दीं।

कॉन्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया लिमिटेड, एलपीजी, सीएनजी क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम है। बीएसई और एनएसई दोनों पर नामांकन के साथ, कॉन्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया लिमिटेड को केयर एज द्वारा नंबर 1 का दर्जा दिया गया है।

कंपनी की उल्लेखनीय उपस्थिति 15 एलपीजी सिलेंडर निर्माण यूनिट्स, 3 उच्च दबाव सिलेंडर निर्माण यूनिट्स, भारत भर में 2300+ पैक सिलेंडर वितरक, 270 से अधिक के स्टैंडअलोन ऑटो एलपीजी स्टेशनों की एक व्यापक श्रृंखला, 670+ एलपीजी वाहनोका अपना बेड़ा है। बैंगलोर में 45+ सीएनजी स्टेशन। अधिक जानकारी के लिए www.gogas.co पर जाएं या 1800 2107 999 पर कॉल करें.

### गो-गैस की खास भूमिका

इस ऐतिहासिक आयोजन में गो-गैस, जो उच्च गुणवत्ता वाली एलपीजी सप्लाई के लिए जानी जाती है, ने प्रमुख भूमिका निभाई। 24 घंटे के इस आयोजन के लिए गो-गैस आधिकारिक एलपीजी सप्लायर थी। तीन बड़े तवों को स्थिर और निर्बाध ऊर्जा प्रदान कर गो-गैस ने यह सुनिश्चित किया कि कार्यक्रम में कोई बाधा न आए।

# अथर्व एवं मयंक का राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयन

**सौंसर.**



आधुनिक युग में जहाँ एक ओर बच्चे गैजेट्स, मोबाइल और टीवी से ज्यादा चिपके रहते है, इससे बच्चों को आउटडोर स्पोर्ट्स के लिए समय ही नहीं मिल पाता और उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास रुक जाता है। स्कुल के समय में बच्चों के लिए जितनी पढाई जरुरी है उतना ही उनकी सेहत के लिए खेल बहुत जरूरी होते हैं। खेल बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में मदद करते हैं। हाल ही में इंदौर में संपन्न हुए राज्य स्तरीय शालेय खेल महोत्सव में सौसर क्षेत्र के दो कराते खिलाडी अथर्व नामदेव वडस्कर एवं मयंक राजकुमार बरखडे ने 68 वी कराते प्रतियोगिता मे स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके बाद अब दोनों खिलाडी हरियाणा में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर मध्यप्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करेगे। यह दोनों खिलाडी ने सौसर में संचालित संजय मार्शल आर्ट स्कूल से प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके साथ ही इस राज्य स्तरीय शालेय कराते प्रतियोगीता मे अक्षदा राधेश्याम सोनेकर ने रजत पदक एवं देवांश सूरज गायकवाड ने कास्य पदक प्राप्त किया एवं आरुषी बाबूलाल विश्वकर्मा का सराहनीय प्रदर्शन रहा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए स्वर्ण पदक लाने स्वप्न - अथर्व। इंदौर से लौटने के बाद अथर्व एवं मयंक ने बताया की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी मध्यप्रदेश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए स्वर्ण पदक लाना उनका स्वप्न है। अथर्व एवं मयंक ने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जितने के बाद अपने माता पिता एवं गुरुजनों को धन्यवाद किया।

# चंद्रशेखर बावनकुले ने महादुला में निकाली भव्य बाइक रैली

## > महायुति का दिखाया जोश और समर्थन

**कामठी.**



कामठी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार चंद्रशेखर बावनकुले ने महादुला में एक शानदार बाइक रैली का आयोजन किया। इस रैली के माध्यम से उन्होंने महायुति की शक्ति और एकता का परिचय दिया। बाइक रैली में बड़ी संख्या में नागरिकों और युवाओं ने भाग लिया और रैली को सफलता दिलाई।

चंद्रशेखर बावनकुले ने इस अवसर पर महायुति की योजनाओं और राज्य के विकास के लिए किए गए प्रयासों को जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा कि महायुति सरकार ने हमेशा जनता के हित में काम किया है और अब चुनाव में जनता से उसी विश्वास को मजबूत करने की अपील की।

रैली में दिखे भारी जनसमर्थन ने यह साबित कर दिया कि महायुति का प्रभाव और समर्थन क्षेत्र में मजबूत है।

# दक्षिण नागपुर में मोहन मते की महिला बाइक रैली

## महिला सशक्तिकरण का संदेश देने वाली रैली में हजारों महिलाओं ने लिया भाग

**नागपुर.**



दक्षिण नागपुर में महायुति के प्रत्याशी मोहन मते ने महिला सशक्तिकरण के संदेश के साथ एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया। इस रैली में हजारों महिलाओं ने भाग लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

रैली का उद्देश्य महिलाओं के समर्थन को दर्शाना था और चुनावी माहौल में इसे मजबूती देने में यह आयोजन सफल रहा। सड़कें महिलाओं की भागीदारी से सजी हुई थीं, जो पूरे जोश और उत्साह के साथ मोहन मते का समर्थन कर रही थीं। इस आयोजन में भाजपा की महिला पदाधिकारियों और नगरसेवकों के साथ-साथ अमृता फडणवीस ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने अपने भाषण में जनता से अपील की कि मोहन मते को विजयी बनाकर क्षेत्र के विकास और महिला सशक्तिकरण को एक नई दिशा दें। अमृता फडणवीस ने कहा, "मोहन मते की जीत न केवल दक्षिण नागपुर के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में भी एक बड़ा कदम होगा।" यह भव्य महिला बाइक रैली महायुति की ताकत और महिलाओं के समर्थन का प्रतीक बन गई है। इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि दक्षिण नागपुर में महायुति की स्थिति मजबूत है और आने वाले चुनावों में इसका प्रभाव दिखाई देगा।

# कंगना रनौत ने नागपुर में किया रोड शो

## > बीजेपी प्रत्याशी प्रवीण दटके के लिए मांगे वोट

**नागपुर.**



बॉलीवुड अभिनेत्री और बीजेपी समर्थक कंगना रनौत ने शनिवार को नागपुर सेंट्रल विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी प्रवीण दटके के समर्थन में भव्य रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने जनता से बीजेपी के पक्ष में वोट देने की अपील की और प्रवीण दटके को एक सशक्त और योग्य नेता बताया।

रोड शो में कंगना के साथ बीजेपी कार्यकर्ता और समर्थकों की भारी भीड़ मौजूद रही। कंगना की एक झलक पाने के लिए हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उमड़ पड़े। रोड शो के दौरान कंगना ने कहा, "प्रवीण दटके जैसे नेता विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी हैं। बीजेपी ने हमेशा जनता की भलाई और राज्य के विकास के लिए काम किया है।"

मीडिया से बातचीत में कंगना ने कहा कि प्रवीण दटके का नेतृत्व राज्य की प्रगति के लिए अहम साबित होगा। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि "आप सभी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विकास कार्यों की गति रुकने न पाए।" प्रवीण दटके के चुनाव प्रचार में कंगना रनौत का यह समर्थन बीजेपी के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, कंगना का यह रोड शो बीजेपी के प्रचार अभियान को और मजबूती देगा।

# 19 साल बाद फिर सनफ्लावर स्कूल के छात्र-छात्राएं



**सौंसर.**

सन 2005 में सनफ्लावर स्कूल सौसर में कक्षा 10 th के सभी विद्यार्थी ने मिलन समारोह बत्रा फार्म हाउस सौसर में आयोजित किया जिसमें एक साथ पढ़ने वाले सभी दोस्तों ने अपने यादें ताजा की और सभी एक दूसरे से मिल के काफी आनंदित हुवे। इस आयोजन को सफल बनाने में चन्द्रशेखर बांगडे, अखिल पोस्ते, मयूर मस्के, नितिन गुरदे, सूर्यप्रकाश कुशराम, पंकज डातरकर, अशविन कठाने, प्रवीण तेकाड़े, प्राची माहेश्वरी, राधिका सावल, प्रियंका वर्मा, स्वेता बनसोड, विशाखा टावरी, वैष्णवी डेरिया, प्रियंका अवस्थी, मोनाली नेरकर, आदि का योगदान रहा।

# जीवन का लक्ष्य तय करें, फिर आगे बढ़ें: गुर्वे

## > सिरपुरकर व ढोक की स्मृति में पुरस्कृत हुए विद्यार्थी

**सौंसर.**



नगर के उत्कृष्ट, सीएम राइज विद्यालय में शनिवार को पुरस्कार वितरण एवं मोटिवेशन कार्यक्रम हुआ। तर्कशील विचार समिति के आयोजन में श्रीकांत सिरपुरकर एवं डॉ वासुदेव बलवंत ढोक स्मृति में बोर्ड परिक्षा के विद्यार्थी पुरस्कृत हुए। भविष्य के लिए वर्तमान में तैयारी विषय पर कक्षा 10 से 12 तक के छात्रों को मोटिवेट किया गया। मोटिवेशनल में रेशनालिस्ट पीकेएस गुर्वे ने कहा कि विद्यार्थी जीवन के लक्ष्य को तय करे फिर भविष्य गढ़ने का अपना सफर तय करे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य शैलजा बत्रा ने की। मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर गावंडे, विशेष अतिथ मोटिवेर माधुकर गांवडे, सामाजिक कार्यकर्ता रत्नमाला पीसे थी। मोटिवेशन में वर्तमान की तैयारी पर श्री गुर्वे ने भविष्य के विषय, जीवन का उद्देश, भाषा का महत्व, व्यक्तित्व का निर्माण, निर्णय लेने की क्षमता का विकास कैसे करे बताया। वही प्राचार्य शैलजा बत्रा ने भविष्य में रोजगार के अवसर व चयन, वर्तमान में रोजगार की स्थिति और इस के लिए कैसे मार्गदर्शन प्राप्त करे बताया। कार्यक्रम का संचालन अमोले रंगारे ने किया। उप प्राचार्य संजय गवनेकर, तर्कशील संस्था से योगेश गौतम, एकनाथ गुर्वे, दिनकर पातुरकर, गणेश ढोक, अंकित धामनकर व स्कूल स्टॉफ उपस्थित था। यह हुए पुरस्कृत - कक्षा 12 वी में उत्कष्ट विद्यालय से दिव्यांशु भोयर को श्रीकांत सिरपुरकर स्मृति पुरस्कार, दिव्य इवनाती जीवन विज्ञान विषय में, सुलोचना धुर्वे को भुगोल विषय, कक्षा 10 वी में कन्या स्कूल से उन्नति बांगडे ने बोर्ड परीक्षा व प्रतिमा कुमरे को संस्कृत विषय में वासुदेव बलवंत ढोक स्मृति पुरस्कार ओर रामशिला शंकर सुर्यवंशी को इंस्पायर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि बीते 14 वर्ष से यह पुरस्कार निरंतर दिए जा रहे है।

# कीर्तन एवं दहलाही काला कीर्तन संपन्न

**सौंसर.**




शहर के विट्ठल मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा कार्तिक त्रिपुरारी पूर्णिमा के अवसर पर आज मंदिर परिसर में सुबह 10 बजे से हरि भक्त परायण भूषण महाराज आनंदी कर द्धारा कीर्तन एवं दहलाही काला कीर्तन कर संपन्न हुआ इस अवसर पर अपने मुखखानी द्धारा भगवान विष्णु अवतार एवं विट्ठल रुक्मिणी अवतार का वर्णन किया उन्होंने भक्ति में वातावरण में विट्ठल विट्ठल से परिसर गुण झूठा दहलाहि कार्यक्रम करीब 1:00 बजे संपन्न हुआ तत्पश्चात पालकी दीडी यात्रा का नगर भ्रमण कर मंदिर परिसर में समापन हुआ वही एक महीना तक चल आ रही है काकड़ आरती का भी समापन संपन्न हुआ इस अवसर पर सभी वारकरी संप्रदाय गण एव वरिष्ठ नागरिकी की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 356-4 | 289-9 |
| श्रीदेवी नाईट | 148-3 | 130-4 |

# माझी लाड़की बहिन योजना: महाराष्ट्र में महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण

## > महिला उद्यमिता को बढ़ावा देती है महाराष्ट्र की सबसे बड़ी माइक्रोफाइनेंस योजना

**नागपुर.**

महाराष्ट्र की माझी लाडकी बहिण योजना महिलाओं को केवल आर्थिक सहायता देने से कहीं अधिक प्रभावी है। यह राज्यभर की महिलाओं के जीवन को आकार देने वाला एक परिवर्तनकारी कार्यक्रम है। देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, जिससे वे उद्यमिता की ओर अग्रसर हो सकें और वित्तीय साक्षरता हासिल कर सकें। इस योजना के तहत महिलाओं को मासिक पैसे दिए जाते हैं, जो उन्हें आर्थिक चुनौतियों को पार करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक संसाधन और ज्ञान प्रदान करते हैं। अक्सर 'मुफ्त' के रूप में नकारे जाने वाले पारंपरिक कल्याणकारी उपायों से अलग, यह योजना प्रति माह ₹1,500 देती है, और जल्द ही इसे ₹2,100 तक बढ़ाने का प्रस्ताव है, जिससे महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता पाने में मदद मिलती है। महाराष्ट्र में 2.6 करोड़ से अधिक महिलाओं को इसका लाभ मिल चुका है, और कई महिलाओं ने अपने उद्यमिता के सफर की शुरुआत की है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा माइक्रोफाइनेंस कार्यक्रम बन गया है।

### आर्थिक स्वतंत्रता का रास्ता

माझी लाडकी बहिण योजना ने लगातार आय सृजन किया है, जिसका उपयोग महिलाएं छोटे व्यवसायों की शुरुआत या विस्तार के लिए कर सकती हैं, जैसे कि सिलाई, छोटे खुदरा दुकानें और खाद्य प्रसंस्करण। ₹2,100 तक प्रस्तावित वृद्धि महाराष्ट्र की महिला उद्यमियों को अपनी पहल को आत्मनिर्भर रूप से बनाए रखने के लिए आर्थिक स्वायत्तता और आत्मविश्वास हासिल करने में मदद कर सकती है। पुणे की सुशीला शिंदे कहती हैं, "इस योजना की वजह से मैं अपनी सिलाई मशीन की मरम्मत करवा सकी और एक छोटा सिलाई व्यवसाय शुरू करने के लिए मशीन का सामान खरीद सकी। अब मुझे किसी पर निर्भर होने की जरूरत नहीं है; मैं अपने परिवार के लिए भी कमाती हूं।"

### आर्थिक साक्षरता और आत्मविश्वास में वृद्धि

इस योजना के तहत बैंक खाता खोलना अनिवार्य होने से महिलाओं में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा मिल रहा है। पहले जिनके पास बैंक खाता नहीं था, वे अब बचत, निवेश और बुनियादी हिसाब रखने के साथ-साथ व्यापार प्रबंधन के लिए आवश्यक कौशल भी सीख रहे हैं। ग्रामीण महाराष्ट्र में महिलाएं अपने पैसे का प्रभावी प्रबंधन करने, अपनी मासिक आय से आर्थिक सुरक्षा प्राप्त करने और भविष्य की योजना बनाने के अवसर के रूप में इसे देख रही हैं। सातारा की रेखा पाटिल कहती हैं, "पहले मेरे पास बैंक खाता नहीं था और मुझे बैंक जाने में संकोच होता था। लेकिन अब, मैं इस पैसे को अपनी आर्थिक स्वतंत्रता की शुरुआत के रूप में देखती हूं। मैंने एक छोटी बचत खाता भी खोला है और अपने खर्चों को बेहतर तरीके से संभालना सीख रही हूं।"



### स्वयं सहायता समूहों और सामूहिक उद्यमों का सशक्तिकरण

ग्रामीण क्षेत्रों में, यह योजना स्वयं सहायता समूहों (SHGs) के निर्माण को बढ़ावा दे रही है, जो सूक्ष्म वित्तीय सहायता का एक महत्वपूर्ण घटक हैं। ये समूह महिलाओं को संसाधन इकट्ठा करने, सामूहिक सौदेबाजी क्षमता बढ़ाने और एक-दूसरे को ऋण देने में सक्षम बनाते हैं। ऐसे समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि वे महिलाओं को समुदाय में परिवर्तन लाने के लिए बड़े कदम उठाने की क्षमता प्रदान करते हैं। नाशिक की एक स्वयं सहायता समूह की सदस्य सविता गायकवाड कहती हैं, "इस योजना के मासिक लाभ का उपयोग करके हम सात महिलाएं एक साथ आईं और घर पर बने स्नैक्स बेचने के लिए एक समूह शुरू किया। यह हमारी पहली दिवाली थी जब हम अपने लाभ से कुछ खरीदने में सक्षम थे। यह योजना हमें मिलकर कुछ बनाने की ताकत देती है।"

### कार्यस्थल में महिला सहभागिता और आर्थिक समावेशन को बढ़ावा

माझी लाडकी बहिण योजना से मिल रही निरंतर आय ने अधिक महिलाओं को कार्यस्थलों में प्रवेश करने या फिर से प्रवेश करने में सक्षम बनाया है। इस योजना के वित्तीय समर्थन से महिलाएं अब परिवहन, कौशल विकास और शिक्षा जैसे आवश्यक खर्चों का भुगतान कर सकती हैं, जिससे वे पहले आर्थिक बाधाओं के कारण मुश्किल से मिल पाने वाली नौकरियों में भी शामिल हो सकती हैं। कोल्हापुर की गीता मोरे कहती हैं, "इस योजना के कारण मुझे ब्यूटीशियन कोर्स के लिए पैसे देने का स्वतंत्रता मिला। अब, मेरे पास अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए कौशल और निधि है-इससे मुझे एक नया उद्देश्य मिला है।"

महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में प्रेरित करते हुए, माझी लाडकी बहिण योजना स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को भी मजबूत करती है। महिलाएं छोटे व्यवसायों में निवेश करती हैं और वित्तीय कौशल प्राप्त करती हैं, जिससे गांवों और तालुका क्षेत्रों के आर्थिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, और स्थानीय जीडीपी में योगदान होता है। महिला उद्यमियों का यह बढ़ता नेटवर्क महाराष्ट्र के ग्रामीण और शहरी समुदायों की आर्थिक वृद्धि का एक शक्तिशाली चालक बन रहा है।

### महिलाओं की आर्थिक आकांक्षाओं में सांस्कृतिक परिवर्तन

आर्थिक समर्थन से परे, यह योजना महिलाओं को खुद को आर्थिक योगदानकर्ता के रूप में देखने की प्रेरणा भी दे रही है। अपनी मासिक आय क्षमता को पहचानकर, कई महिलाएं उद्यमिता के सपने को साकार करने के लिए प्रेरित हो रही हैं, जिससे आर्थिक लैंगिक भेदभाव कम हो रहा है। माझी लाडकी बहिण योजना महिलाओं को आर्थिक सहायता, साक्षरता और राज्य की बढ़ती जीडीपी में योगदान करने के लिए सक्षम बनाकर, आर्थिक लैंगिक भेदभाव को दूर करने की दिशा में एक प्रमुख पहल है। स्वतंत्रता और उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए, यह योजना महाराष्ट्र की महिलाओं के लिए एक सशक्त और आत्मनिर्भर भविष्य की नींव रख रही है।